# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

## विज्ञापन सं. 1 ए /2012-13

**(यह विज्ञापन और आवेदन का प्रारूप भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है)**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

| क्रम सं. | पद | रिक्तियों की संख्या | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित अर्थात सामान्य (सामा) | अनुसूचित जाति (अजा) | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) | |
| 1 | **प्रबंधक (तकनीकी-सिविल)** | 01 | - | - | 01 | 02* |
| 2 | **प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल)** | 01 | - | - | - | 01** |

* प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) के लिए दो रिक्तियों में से 01 रिक्ति विकलांग वर्ग के अंतर्गत बधिर उपवर्ग के आंशिक रूप से बधिर (पीडी) उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। अस्थिरूप से विकलांग (अ.वि.) उम्मीदवार जिनका एक हाथ प्रभावित हो (ओए), एक पैर (ओएल) प्रभावित हो तथा दोनों पैर प्रभावित हो परंतु हाथ नहीं (बीएल) भी प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) के पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

** प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल) के पद के अंतर्गत विकलांगों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है। तथापि अस्थिरूप से विकलांग (अ.वि.) उम्मीदवार जिनका एक पैर (ओएल) प्रभावित हो तथा विकलांग वर्ग के अंतर्गत बधिर उपवर्ग के आंशिक रूप से बधिर उम्मीदवार प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल) के पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

(i) विकलांगों के लिए आरक्षण क्षैतिज है तथा पद के लिए समग्र रिक्तियों के अंतर्गत है।

(ii) अधिसूचित की गई कुल रिक्तियों के अंतर्गत अ.वि. तथा बधिर वर्ग से संबंधित विकलांग उम्मीदवार जो संबंधित पदों के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं, उनकी उप्युक्तता के अधीन, विकलांग रिक्तियों का बैकलॉग खत्म करने के लिए इस विज्ञापन में विकलांगों के लिए अधिसूचित रिक्तियों के अतिरिक्त उनके चयन पर विचार किया जाएगा।

(iii) अ.वि./बधिर उम्मीदवारों के पास भारत सरकार / राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग / अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का एक नवीनतम प्रमाण पत्र होना चाहिए।

1. **शैक्षिक अर्हताएं : (दिनांक 01.08.2012 को):**

(i) **प्रबंधक (तकनीकी-सिविल):**

**(क) अनिवार्य: सभी सत्रों में समग्र रूप से** न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष।

**(ख) वांछनीय:** ढांचागत (स्ट्रक्चरल) डिजाइन, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग, सॉइल मैकेनिक्स तथा नींव (फाउन्डेशन) इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता।

(ii) **प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल):**

**(क) अनिवार्य: सभी सत्रों में समग्र रूप से** न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग अथवा इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई / बी.टेक डिग्री।

**(ख) वांछनीय:** पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोग्राम बनाने योग्य (प्रोग्रैमबल) लाजिक नियंत्रकों (कंट्रोलर्स), इलेक्ट्रॉनिक मापन, संचार सिद्धांत में इलेक्टिव / कोर्स पेपर।

2. **अनुभव (दिनांक 01.08.2012 को):**

**(i) प्रबंधक (तकनीकी - सिविल):**

**(क) अनिवार्य:** स्नातक के बाद (**सहायक इंजीनियर के समकक्ष** स्वतंत्र उत्तरदायित्व की स्थिती में) अस्पताल/बैंक/वित्तीय संस्थान सहित सरकारी/प्राइवेट लिमिटेड संगठन में प्लानिंग/डिजाइनिंग/बडी कार्यालयी इमारतों/बहुमंजिला इमारतों/हाउसिंग कंपनियों/आवासीय कैंपस आधारित शिक्षा संस्थानों के निर्माण के साथ-साथ निविदा दस्तावेज तैयार करने तथा उनके मूल्यांकन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

**(ख) वांछनीय:**

i) निर्माण परियोजनाओं का उनके सभी पहलुओं सहित निष्पादन का अनुभव तथा पर्ट/सीपीएम तकनीकों का ज्ञान।

ii) स्ट्रक्चरल डिजाइन तथा कैम/कैड में कंप्यूटर का कार्यसाधाक ज्ञान/विशेष संदर्भों सहित निविदाओं का विश्लेषण तथा मूल्यांकन।

iii) इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सर्विसेज तथा इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण का कार्यसाधक ज्ञान।

iv) स्ट्रक्चरल पुनर्वास (रिहेबिलिटेशन) कार्य का कार्यसाधक ज्ञान।

v) प्रारुप बनाने की अच्छी क्षमता।

**(ii) प्रबंधक (तकनीकी-इलेक्ट्रिकल):**

**(क) अनिवार्य:** स्नातक के बाद (**सहायक इंजीनियर के समकक्ष** स्वतंत्र उत्तरदायित्व की स्थिति में) अस्पताल/ बैंक/ वित्तीय संस्थान/अवासीय कैंपस आधारित शिक्षा संस्थान सहित सरकारी/प्राइवेट लिमिटेड संगठन में प्लानिंग/ डिजाइनिंग/आंतरिक तथा बाहय इलेक्ट्रिकल संस्थापन कार्य के कार्यान्वियन, बडे केंद्रीय वातानुकूलन संयंत्र, लिफ्ट, संचार प्रणालियों तथा बडी, बहुमंजिला इमारत परियोजनाओं में शामिल अन्य संबंध्द सेवाओं के साथ-साथ निविदा तैयार करने, उसकी संवीक्षा तथा मूल्यांकन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

**(ख) वांछनीय:**

i) इलेक्ट्रानिक सिस्टम जैसे सीसीटीवी, निगरानी प्रणाली, अड्रेसेबल सुरक्षा आलर्म तथा आग अलार्म प्रणाली, ईपीएबीएक्स, यूपीएस प्रणाली आदि का कार्यसाधाक ज्ञान।

ii) लिफ्टों, पंपो, वातानुकूलन संयत्राों आदि के अनुरक्षण का अनुभव।

iii) निर्माण परियोजनाओं का उनके सभी पहलुओं सहित निष्पादन का अनुभव तथा पर्ट/सीपीएम तकनीकों का ज्ञान।

iv) अंग्रेजी में अच्छे प्रारुप बनाने की क्षमता, कंप्यूटर पर माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल तथा पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन में कार्य करने की योग्यता।

3. **आयु (दिनांक 01.08.2012 को) - (दोनों पदों के लिए):**

35 वर्ष से अधिक नहीं (उम्मीदवार का जन्म 02.08.1977 से पहले का नहीं होना चाहिए)। विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 6 देखें।

4. **चयन योजना - (दोनों पदों के लिए):**

चयन निम्नलिखित दो प्रश्न-पत्रों के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। लिखित परीक्षा नवंबर/ दिसंबर 2012 माह में आयोजित की जाएगी।

| प्रश्न-पत्र का प्रकार | अवधि | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न-पत्र - I - वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा**<br>व्यावसायिक ज्ञान/कार्य ज्ञान की परीक्षा | प्रवेश पत्र के अनुसार | 100 |
| **प्रश्न-पत्र - II - वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा**<br>प्रश्न-पत्र का स्तर बी.ई. डिग्री का होगा | 3 घंटे | 100 |
| **कुल** | | 200 |

**परीक्षा तथा साक्षात्कार (दोनों पदों के लिए)**

(i) केवल उन्हीं उम्मीरदवारों के प्रश्न-पत्र II का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र I में गुणवत्ता के आधार पर पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों । (ii) लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र (हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किए जाएगा। उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं । (iii) उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते है। (iv) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। (v) **अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा (प्रश्न-पत्र I और प्रश्न-पत्र II) तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।**

5. **परीक्षा केंद्र (दोनों पदों के लिए):**

लिखित परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों (कोड सं. कोष्ठक में दी गई है) पर आयोजित की जा सकती है :

| केंद्र का नाम | कोड सं. | केंद्र का नाम | कोड सं. |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | (11) | जयपुर | (20) |
| बेंगलूर | (12) | जम्मू | (21) |
| भोपाल | (13) | कानपुर | (22) |
| भुवनेश्वर | (14) | मुंबई | (25) |
| कोलकाता | (15) | नागपुर | (26) |
| चंडीगढ़ | (16) | नई दिल्ली | (27) |
| चेन्नै | (17) | पटना | (29) |
| गुवाहाटी | (18) | तिरूवनंतपुरम | (31) |
| हैदराबाद | (19) | | |

उम्मीदवार केवल एक ही केंद्र का चयन कर सकता है जिसके नाम और कोड संख्या का उल्लेख आवेदन में अवश्य किया जाए । लिखित परिक्षा के केंद्र और तारिख को बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी केंद्र पर लिखित परिक्षा रद्ध किये जाने की स्थिति मे बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केंद्र आबंटित कर सकता है। लिखित परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा की तारीख, समय और स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी । उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र के बिना लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा । **परीक्षा केंद्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

6. **ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

ऊपरी आयु सीमा में छूट इस प्रकार है:

(क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं ।

(ख) निम्नमलिखित के मामले में 5 वर्ष : (i) अजा/अजजा उम्मीदवार यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं (ii) बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी तथा रोजगार केन्द्र के माध्याम से आवेदन करने वाले, न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी (iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्टि कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिये गए हों । (iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारीयों/ अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर और नियुक्ति का प्रस्तांव होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। (v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

(ग) अस्थिरूप से विकलांग/ बधिर उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष, अस्थिरूप से विकलांग/ बधिर उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष, अस्थिरूप से विकलांग/ बधिर उम्मीदवार (अजा/अजजा) के लिए 15 वर्ष ।

**टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी ।**

7. **सेवा की शर्तें/करिअर-संभावनाएं (दोनों पदों के लिए):**

(i) **वेतनमान:**

ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू ₹ 21000-1000-30000-द.रो.- 1000-32000-1100-36400 के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन ₹ 21,000/- प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे । वर्तमान में सीधी भर्ती के अंतर्गत ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग ₹ 43,216/- है (आवास भत्ते सहित)।

**नोट:** जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यवसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मी्दवारों को बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन वृद्धि देने पर विचार कर सकता है । बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता हैं । ऐसी जानकारी जीवन-वृत फार्म के उचित कॉलम में दी जाए । अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या 4 होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा ।

(ii) **अनुलाभ:**

पात्रता के अनुसार बैंक आवास, उपलब्ध हो तो, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि । पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा । ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए) । आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम । इस पद से पेंशन और ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं । मुंबई में आवास के बाजार मूल्य को ध्यान में रखते हुए बैंक के लिए लागत के आधार पर इस पद से जुडे स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग ₹ 11.00 लाख प्रतिवर्ष (लगभग) है।

(iii) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है । किंतु पट्टे पर आवासीय सुविधा तथापि सभी केंद्रों पर उपलब्ध है ।

(iv) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम चार वर्षो की अवधि तक बढ़ाई जा सकती है ।

(v) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं ।

(vi) पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों पर 'डिफाइन्ड कान्ट्रिब्यूशन न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस)' लागू होगी ।

(vii) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है ।

8. **आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय):** ₹ 100/- (एक सौ रुपये मात्र) । अजा/अजजा/अ.वि./बधिर उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है । शुल्क का भुगतान केवल **मुंबई** में देय तथा **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पक्ष में आहरित मांग ड्राफ्ट से किया जाए । तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थोनों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पक्ष में आहरित तथा प्रधान डाकघर, मुंबई में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं । उम्मी्दवार अपना नाम और पता मांग ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखें (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन के साथ पिन **(स्टेपल न करें)** की सहायता से संलग्न करें । उचित आवेदन के साथ नहीं भेजे गये गए शुल्क अथवा किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा । **एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा ।**

9. **सामान्य नियम/अनुदेश :**

i) आवेदन का प्रारूप (ऑफ-लाइन तरीके के लिए) इस विज्ञापन के अंत में दिया गया है । ऑफ-लाइन तरीके से आवेदन करने वाले उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप के अनुरूप ही आवेदन करें ।

ii) जिन आवेदनों के साथ निर्धारित शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) नहीं होगा अथवा जो आवेदन अपूर्ण/ अपाठ्य/ निर्धारित फार्मेट में नहीं होंगे, फोटो बिना होंगे, हस्ताक्षर बिना होंगे उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

iii) आवेदन सभी रूप से पूर्ण होना चाहिए । अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

अगले पन्ने पर जारी ....

पिछले पन्ने से जारी....

iv) उम्मीदवार अपने आवेदन के साथ कोई भी प्रमाणपत्र अथवा उसकी प्रतियां <u>संलग्न न करें</u> । आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जायेगा । किसी भी स्तरपर यदि यह पाया गया कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है ।

v) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों । यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से अवश्य दें ।

vi) उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद के पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं । बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनके पात्रता मानदंडों की जांच केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा ।

vii) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा ।

viii) लिखित परीक्षा में प्रवेश पाये गए उम्मीदवारों की सूची भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी । यदि किसी उम्मीदवार को बोर्ड से लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश–पत्र/कोई अन्य सूचना प्राप्त न हो तो उसे आवश्यक मार्गदर्शन के लिए **परीक्षा की तारीख से चार दिन पहले से** पासपोर्ट आकार के हस्ताक्षरित फोटो–सहित कार्यालय समय के दौरान आवेदन में दिये गये परीक्षा केंद्र पर भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए । उपर्युक्त अनुदेशों का पालन न करने पर उम्मीदवार को इस बात का कोई हक प्राप्त नहीं होगा कि उसके मामले पर कोई विचार किया जाए ।

ix) **<u>लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा</u>** । तथापि साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास /कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी भाड़े अथवा II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

x) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय प्रवेश–पत्र में दिया गया रोल नंबर अवश्य लिखें ।

xi) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए । यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिवर्तनों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्त की तिथि तथा परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि में बहुत कम अंतर हो ।

xii) **ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध–सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें <u>साक्षात्कार के समय</u> अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा** । भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक उचित सेवा–मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । यदि आवेदन नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा भले ही आवेदक द्वारा वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो । ऐसे मामलों में, अग्रिम प्रति लिखकर आवेदन पत्र शुल्क के साथ (जहां लागू हो) बोर्ड के कार्यालय में सीधे भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्क के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए ।

xiii) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी ।

xiv) पात्रता, परीक्षा का संचालन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

xv) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेज़र या अन्ये कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी । इन अनुदेशों का उल्लंघन किया जाता है तो उम्मीदवार को इस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराए जाने के साथ–साथ भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी प्रतिबंधित किया जाएगा ।

xvi) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक–सूची नहीं दी जाती है । तथापि लिखित परीक्षा और साक्षात्काकर के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेब साइट पर उपलब्ध होंगे ।

xvii) भारतीय रिज़र्व बैंक के कर्मचारी (स्टाफ उम्मीदवार) जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, भी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं ।

xviii) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

**10. <u>आवेदन प्रस्तुत करना:</u>**

उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए निर्धारित आवेदन (ऑफ–लाइन) अथवा ऑन–लाइन तरीके से आवेदन कर सकते है । **<u>ऑन–लाइन आवेदन करने के बाद इसका प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) बोर्ड कार्यालय में भेजें</u>** ।

i) **<u>ऑन–लाइन:</u>** उम्मीदवार **<u>http://onlinedr.rbi.org.in</u>** लिंक/यूआरएल का प्रयोग करके ऑन–लाइन आवेदन कर सकते हैं । ऑन–लाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश इस लिंक पर उपलब्ध हैं । उम्मीदवार अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही **"Apply"** लिंक पर क्लिक करें ।

ऑन–लाइन आवेदन प्रणाली की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

क) ऑन–लाइन आवेदन भरने से पहले उम्मीदवार को ₹ 100/– का मांग ड्राफ्ट अथवा भारतीय पोस्टल आर्डर अवश्य खरीद लेना चाहिए (अजा/अजजा/अस्थिरुप से विकलांग / बधिर उम्मीदवारों को छोड़कर जिन्हें शुल्क के भुगतान में छूट प्राप्त है) ।

ख) शुल्क से छूट प्राप्त वर्ग के उम्मीदवार सीधे ऑन–लाइन आवेदन भर सकते हैं ।

ग) **<u>उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वे सिस्टम के माध्यम से आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) निकाल लें । इस प्रिंटआउट में विनिर्दिष्ट जगह पर हस्ताक्षरित फोटो चिपकाएं (स्टेपल न करें), हस्ताक्षर करें तथा ₹ 100/– का मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि शुल्क का भुगतान अपेक्षित हो) संलग्न करें ।</u>**

घ) उम्मीदवारों के लिए **<u>आवश्यक है कि</u>** वे उनके द्वारा भरे गए ऑन–लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (भारिबैंसबो) को साधारण डाक द्वारा भेजें । यदि उनके आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तारीख तक बोर्ड को प्राप्त नहीं होगा तो ऑन–लाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा ।

ड) एक से अधिक बार आवेदन न भरें । अनुलिपि आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इन्हें रद्द कर दिया जाएगा ।

च) ऑन–लाइन आवेदन **दिनांक 03 सितंबर 2012, अपराह्न 11.59 बजे** तक भरे जा सकते हैं । इसके बाद लिंक डिसेबल हो जाएगा ।

ii) **<u>ऑफ–लाइन:</u>** उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए आवेदन फार्मेट में ही आवेदन करें । यह अच्छी गुणवत्ता वाले सफेद ए4 कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ–साफ लिखा होना चाहिए । आवेदन में सभी कॉलम (विकलांग तथा शुल्क को छोड़कर, यदि लागू न हो) स्पष्ट रूप से लिखे अथवा टाइप होने चाहिए । अपूर्ण तथा अपाठ्य आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे ।

iii) ऑफ–लाइन आवेदन अथवा ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, <u>साधारण डाक</u> द्वारा **'महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618, मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008' पर भेजें** । आवेदन के लिफाफे पर "प्रबंधक (तकनीकी–सिविल/इलेक्ट्रिकल) के पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।

iv) ऑफ–लाइन आवेदन अथवा ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी), जो भी हो, बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बाक्स में भी डाल सकते हैं ।

v) **उम्मीदवार <u>ऑन–लाइन</u> (जिसके बाद ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट भी भेजें) अथवा <u>ऑफ–लाइन</u> में से केवल एक ही तरीके से आवेदन करें । दोनों तरीकों से आवेदन न करें । अनुलिपि आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे ।**

**11. <u>अंतिम तारीख :</u>**

(i) ऑफ–लाइन आवेदन अथवा ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी), जो भी हो, बोर्ड कार्यालय में दिनोक **10 सितंबर 2012, अपराह्न 6.00 बजे** तक पहुंच जाना चाहिए।

(ii) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप–मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों से <u>केवल डाक द्वारा</u> आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 17 सितंबर 2012 अपराह्न 6.00 बजे तक है । डाक के अलावा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन के मामले में बढ़ाई गई समय–सीमा का लाभ नहीं मिलेगा ।

(iii) आवेदन की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

**12. <u>आवेदन प्रस्तुत करने के लिए जांच–सूची:</u>**

(i) नीचे दिए गए आवेदन के प्रारुप का उपयोग आवेदन के रूप में नहीं किया जाए ।

(ii) आवेदन <u>निर्धारित प्रारुप के अनुरूप ही</u> अच्छी गुणवत्ता वाले ''सफेद **ए4**'' कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ–साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया (स्टेपल न हो) जाना चाहिए । उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हों तथा आवेदन और फोटो पर हस्ताक्षर किए गए हों । <u>ऐसे आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे जिनपर हस्ताक्षर न हो, फोटो न चिपकाया गया हो, शुल्क (यदि लागू हो) बिना, निर्धारित प्रारुप के अनुरुप न हो, अपूर्ण अथवा अपाठ्य हों.</u>

(iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए नाम और पता **<u>केवल अंग्रेजी के बडे (कैपिटल) अक्षरों</u>** में लिखा जाए ।

(iv) उम्मीदवारों को अपना नाम और पता मांग ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखना चाहिए (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन के साथ पिन (<u>स्टेपल न करें</u>) की सहायता से संलग्न करें।

(v) आवेदन जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।

(vi) **उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि लागू हो) सहित आवेदन [ऑफ–लाइन या ऑन–लाइन आवेदन का प्रिंटआउट] बोर्ड कार्यालय में <u>अंतिम तारीख</u> तक पहुंच जाए । निर्धारित तारिख तक सिस्टम के माध्यम से ऑन–लाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बावजूद यदि इसका शुल्क (यदि लागू हो) तथा फोटो सहित इसका हस्ताक्षरित प्रिंटआउट <u>अंतिम तारीख</u> तक बोर्ड कार्यालय में नहीं पहुंचता तो ऐसा आवेदन वैध नहीं होगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा ।**

## भारतीय रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड, मुंबई

### प्रबंधक (तकनीकी–सिविल/इलेक्ट्रिकल) के पद के लिए आवेदन

**विज्ञापन सं. 1 ए/2012–13**

**आवेदित पद :** ____________________

**प्राप्ति संख्या** [ ]
(केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु)

**1. पूरा नाम** (अंग्रेजी के बडे अक्षरों में) : ____________________

**2. वर्ग:**

**क.** सामान्य के लिए **सामा.**/अनुसूचित जाति के लिए **अजा**/अनुसूचित जनजाति के लिए **अजजा**/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए **अपिव** लिखें । (**'क्रीमी लेयर'** के अंतर्गत आने वाले अपिव उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेख **सामा.** के रूप में करना चाहिए।) यह कॉलम खाली न छोड़ें । [ ]

**ख. विकलांग** उम्मीदवार उपर्युक्त **क** में मुख्य वर्ग के साथ–साथ अस्थि रूप से विकलांग के लिए **अ.वि.** तथा बधिर के लिए **बधिर** लिखे (**अन्य उम्मीदवार इसे खाली छोड़ें**) [ ]

पासपोर्ट आकार का हस्तारक्षरित नवीनतम फोटो चिपकाएं

**3.**

| **परीक्षा केन्द्र** | **कोड सं.** | |
|---|---|---|
| | | |

**4. लिंग :**
**पुरुष के लिए (पु) स्त्री के लिए (स्त्री) लिखें :** [ ]

**5. जन्म तिथि :** [ ][ ] [ ][ ] [ ][ ][ ][ ]
दिन माह वर्ष

**6. आयु (दिनांक 01.08.2012 को) :** ________ वर्ष ________ माह

**7. क. शैक्षिक अर्हता (दिनांक 01.08.2012 को)**
(पद हेतु विर्निर्दिष्ट न्यूनतम अर्हता से आरंभ करते हुए)

| **परीक्षा का नाम (कृपया विवरण दें)** | **मुख्य विषय** | **परिणाम की तारीख** | **विश्वविद्यालय/संस्थान** | **अंको का समग्र% (दो दशमलव अंको तक)** | **श्रेणी/डिवीजन** |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्नातक** | | | | | |
| **स्नातकोत्तर** | | | | | |

**ख. उच्चतर शैक्षिक अर्हता (दिनांक 01.08.2012 को)** [ ]
(बॉक्स में एम.फिल/पीएच.डी/सी.ए./आईसीडब्ल्यूए/एसीएस/प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा/एम.बी.ए., यदि हो, लिखें)

**8. क्या आप भूतपूर्व सैनिक/जम्मू और कश्मीर के अधिवासी की श्रेणी / सरकारी कार्यालयों / बैंकिंग संस्थाओं से छंटनी किए गए कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं? हां के लिए (हां) नहीं के लिए (नहीं) लिखें।** [ ]

**9. क्या आप के पास निर्धारित न्यूनतम तीन वर्षों का अनुभव है जैसा कि विज्ञापन की मद सं. 2 मे अपेक्षित है? हां के लिए (हां) नही के लिए (नही) लिखे.** [ ]

**10. विज्ञापन के संदर्भ में अनुभव (दिनांक 01.08.2012 को)**

| **नियोक्ता का नाम और पता** | **पदनाम** | **कार्य का स्वरुप** | **अवधि** | | **कुल अवधि** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **से** | **तक** | **वर्ष** | **माह** |
| | | | | | | |

**11. परीक्षा शुल्क का विवरण:**

| **अदाता बैंक/डाकघर का नाम** | **मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ओर्डर की संख्या** | **मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ओर्डर की तारीख** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| | | | |

**12. पत्राचार का पता (अंग्रेजी के बडे अक्षरों में पिनकोड सहित – कृपया नाम न दोहरायें)**
____________________
____________________
____________________
____________________

**ई–मेल, यदि कोई :** ____________________

**टेलीफोन नं. (एसटीडी कोड के साथ)/ मोबाइल नं., यदि कोई:** ____________________

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण तथा सही हैं । मैं यह जानता/जानती हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य /गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंड़ों को पूरा नहीं करता/करती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है । मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं ।

स्थान :                                        (आवेदक के हस्ताक्षर)

तारीख :                                        नाम :

**उम्मीदवारों द्वारा नोट किए जाने वाले अति महत्वपूर्ण बिन्दु : (i) आवेदन पर फोटो चिपकाने सहित उम्मीदवार आवेदन को सभी प्रकार से पूरा भरें । (ii) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा और बोर्ड द्वारा इस मामले में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**